गैरसैंण, सोमवार
9 फरवरी 2026
वर्षः 17
अंकः 256 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

**एक नजर**

### तीर्थनगरी में जाम के झाम से फिर लोग हलकान

ऋषिकेश। मौसम में हल्की गर्माहट के साथ ही ऋषिकेश में पर्यटकों की आमद बढ़नी शुरू हो गई है। वह राफ्टिंग और कैंपिंग के लिए रुख कर रहे हैं, जिससे फिर जाम की समस्या न सिर्फ पर्यटकों, बल्कि स्थानीय लोगों की भी मुसीबत बढ़ा रही है। शहर के संकरे मुख्य और बाईपास मार्ग पर पर्यटक वाहनों का दबाव बढ़ने से आंतरिक सड़कों पर भी लोगों का चलना मुश्किल हो रहा है। वाहनों को नियंत्रित रखने में पुलिस भी चौक–चौराहों पर बेबस दिख रही है। रविवार को वीकेंड पर शहर में अचानक वाहनों का दबाव बढ़ गया है। जयराम चौक से लेकर चंद्रभागा पुल तक सुबह से लेकर शाम तक जाम की स्थिति बनी रही। महज पांच मिनट के सफर में लोगों को 20 से 25 मिनट लगे। शाम को स्थिति और भी ज्यादा खराब हुई, जिसमें लोगों को वाहनों के अत्याधिक दबाव के चलते घाट चौक पर पैदल चलने के लिए भी ठीक से जगह नहीं मिली। कभी जाम, तो कभी स्लो ट्रैफिक की वजह से नगर क्षेत्र के आंतरिक मार्गों दून रोड, रेलवे रोड और यात्रा बस अड्डा मार्ग आदि पर भी स्थानीय लोगों को आवागमन में दिक्कतें पेश आई। वहीं, हरिद्वार बाईपास मार्ग स्थित इंद्रमणि बड़ोनी चौक पर भी ट्रैफिक दिनभर फंसता रहा। यहां तैनात पुलिसकर्मियों ने यातायात को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन वाहनों के बेतहाशा दबाव में वह भी यातायात को सुचारू रखने में बेबस होते दिखे।

### कुलोरी–पोखरी सड़क पर 3.63 करोड़ से होगा डामरीकरण

नैनीताल। कुलोरी–पोखरी मोटर मार्ग पर 3 करोड़ 63 लाख से डामरीकरण होगा। विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया धारी ब्लॉक के कुलोरी से पोखरी नौगुनिया तक मार्ग पर डामरीकरण न होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात में किसानों को अपनी उपज मंडी तक लाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए पीएमजीएसवाई फेस 4 के तहत प्रस्ताव भेजा गया। मार्ग पर डामरीकरण और सुधारीकरण के लिए शासन से 3 करोड़ 63 लाख की स्वीकृति मिल गई है। टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। जल्द मार्ग का सुधारीकरण और डामरीकरण का कार्य किया जाएगा।

### विधवा महिला से छेड़छाड़ और मारपीट के आरोप में केस दर्ज

देहरादून। ओल्ड डालनवाला निवासी एक विधवा महिला ने नवीन उज्जेनवाल नाम के व्यक्ति पर छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पिछले कई वर्षों से उनका पीछा कर रहा है और कार्यस्थल के बाहर आकर गाली–गलौज करता है। आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने या आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धमकी दी है। महिला ने अपने और बच्चों की सुरक्षा के लिए करनपुर चौकी तहरीर दी। इंस्पेक्टर डालनवाला संतोष कुंवर ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### शादी के लिए युवती का किया अपहरण, मना करने पर सिर फोड़ा

हल्द्वानी। वनभूलपुरा निवासी एक युवक ने क्षेत्र की ही रहने वाली युवती का शादी के लिए अपहरण कर लिया। आरोपी उसे गौला नदी की ओर ले गया। युवती के विरोध करने पर उसके सिर पर पत्थरों से वार कर घायल कर दिया। युवती बमुश्किल जान बचाकर किसी तरह वापस लौटी। युवती की दादी की तहरीर पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में कहा गया कि जवाहर नगर, वनभूलपुरा का रहने वाला अन्ना नाम का युवक लंबे समय से उनकी पोती को परेशान कर रहा है। पोती जब भी अपने काम से बाहर निकलती है तो युवक उसका पीछा करता है और शादी करने के लिए दबाव डालता है। रास्ते में अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ भी करता है। दादी के अनुसार, बीते शनिवार को उनकी पोती दुकान से कुछ सामान लेने के लिए घर से निकली तो आरोपी ने उसका पीछा किया और जबरन अपने साथ गौला नदी की ओर ले गया। उस पर शादी करने का दबाव बनाकर डराता रहा। जब उनकी पोती ने विरोध किया तो युवक ने सिर पर पत्थरों से वार कर दिया।

**पहाड़ से मैदान तक खिली धूप**

# आज बदलेगा मौसम, कोहरे व बारिश–बर्फबारी के आसार



देहरादून। उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक रविवार को मौसम साफ रहा और दिन में धूप खिली रही लेकिन मैदानी इलाकों में सोमवार को कोहरा छाने के साथ पर्वतीय इलाकों में बारिश–बर्फबारी की संभावना बनी हुई है। इसके चलते ठंड बढ़ सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इसके अलावा उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी के आसार हैं। खासकर प्रदेश के 3000 मीटर से अधिक से ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी की संभावना अधिक है। आने वाले दिनों की बात करें तो 11 फरवरी तक प्रदेश में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा।

12 फरवरी से मौसम शुष्क होगा और मैदानी हिस्सों में तेज धूप खिलने से गर्मी का अहसास होगा और तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। रविवार को दून में चटख धूप खिलने से यहां का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री इजाफे के साथ 25.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से एक डिग्री बढ़ोतरी के साथ 9.2 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसा ही हाल प्रदेश के सभी हिस्सों में रहा।

**पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी**

जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 8 से 11 फरवरी के बीच बारिश और बर्फबारी की संभावना है। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फ गिर सकती है, जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर तेज हवाओं और गरज–चमक के साथ मौसम खराब रह सकता है।

**ठंड और शीत की चेतावनी**

उत्तर भारत के कुछ इलाकों में ठंड का असर बना रहेगा। खासकर उत्तराखंड और आसपास के क्षेत्रों में शीत जैसी स्थिति बन सकती है। लोगों को सुबह और रात के समय ठंड से बचाव की सलाह दी गई है।

### शादी के कार्ड बांटने निकले पिता–पुत्र समेत 3 की दर्दनाक मौत

रीवा ,मध्यप्रदेश के रीवा जिले में शाम एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है, जिसने खुशियों वाले घर को मातम में बदल दिया। यहाँ एक तेज रफ्तार लग्जरी ऑडी कार ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक पर सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में पिता–पुत्र शामिल हैं, जो घर में होने वाली शादी के आमंत्रण पत्र बांटने निकले थे।

**बेटे की शादी के कार्ड बांटने जा रहे थे**

यह घटना और भी ज्यादा दुखद इसलिए है क्योंकि पीड़ित परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थीं। रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान रीवा जिले के चचाई निवासी भागवत विश्वकर्मा और उनके छोटे बेटे राहुल के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, भागवत के बड़े बेटे की शादी इसी महीने 24 फरवरी को तय थी। वे अपने छोटे बेटे और एक अन्य रिश्तेदार के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारों को शादी का न्यौता देने जा रहे थे,

# खटीमा भ्रमण के दूसरे दिन सीएम ने जनसमस्याएं सुनी



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने खटीमा भ्रमण के दूसरे दिन रविवार को कैंप कार्यालय लोहियाहेड व हेलीपेड में जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ग्राम भगचुरी पहुंचे, जहां पर उन्होंने स्व० मलकोत सिंह राणा के निधन एवं वीरेंद्र सिंह मौर्य की माता (स्व० सुन्दरी देवी 92वर्ष) के निधन पर उनके आवास में पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं परिजनों को ढांढस बधाया व मृत आत्माओं की शान्ति कि कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री, अनिल कपूर डब्बू, फरजाना बेगम,जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ,जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, एसपी नीहारिका तोमर, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि,जनता उपस्थित थे।

# आंतकवाद पर कोई दोहरा मापदंड नहीं और कोई समझौता नहीं , मलेशिया में बोले पीएम मोदी



नई दिल्ली ,भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मलेशिया की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक की और फिर संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया के सामने बयान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मलेशिया भारतीय मूल की आबादी वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है और दोनों देशों की सभ्यताएं सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के गर्मजोशी से स्वागत के लिए आभार जताया और बताया कि 2026 की अपनी पहली विदेश यात्रा में वे मलेशिया आए हैं। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारतझ्रमलेशिया संबंधों में नई गति और गहराई आई है। दोनों देशों के बीच ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल अर्थव्यवस्था, बायोटेक, आईटी, पर्यटन और पीपल–टू–पीपल कनेक्शन में सहयोग मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सहयोग, काउंटर टेररिज्म, इंटेलिजेंस शेयरिंग और मेरिटाइम सुरक्षा में भी दोनों देशों का सहयोग बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा एआई, डिजिटल टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा में साझेदारी को और बढ़ाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि सीईओ फोरम के माध्यम से नए व्यापार और निवेश अवसर उत्पन्न हुए हैं और यह साझेदारी भारत–मलेशिया के बीच रणनीतिक विश्वास पर आधारित आर्थिक बदलाव को गति देगी।पीएम मोदी ने भारतीय प्रवासियों से मुलाकात को भी याद किया और कहा कि लगभग 30 लाख भारतीय प्रवासी भारत और मलेशिया के बीच "लिविंग ब्रिज" का काम कर रहे हैं। उन्होंने प्रवासियों के लिए मलेशिया में सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट, मुफ्त ई–वीजा और यूपीआई डिजिटल पेमेंट जैसे कदमों का उल्लेख किया, जो दोनों देशों के नागरिकों के जीवन को आसान बनाएंगे।प्रधानमंत्री ने कहा कि हम अपने युवाओं के बीच विश्वविद्यालय एक्सचेंज, स्टार्टअप कनेक्ट और स्किल डेवलपमेंट के अवसर भी बढ़ा रहे हैं। हमारे बढ़ते संबंधों को समर्थन देने के लिए हम मलेशिया में नया कांसुलेट भी खोलने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम आसियान के साथ पूरे इंडो पैसिफिक क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत आसियान सेंट्रलिटी को प्राथमिकता देता है।उन्होंने मलेशिया में तमिल समुदाय और उसकी संस्कृति पर भी जोर दिया और कहा कि शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक क्षेत्रों में तमिल भाषा का मजबूत और जीवंत योगदान है। उन्होंने ऑडियो–विजुअल एग्रीमेंट के तहत फिल्म और संगीत, विशेषकर तमिल फिल्मों, के माध्यम से लोगों को और करीब लाने का प्रयास बताया।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और मलेशिया इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं और आसियान–भारत व्यापार समझौते (आईटीजीए) की समीक्षा जल्द पूरी करनी चाहिए।

### दिल्ली के पीरागढ़ी में सनसनी, कार के अंदर मिलीं तीन लाशें

नई दिल्ली ,राजधानी दिल्ली के पीरागढ़ी इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब सड़क किनारे खड़ी एक कार के भीतर से तीन लोगों के शव बरामद किए गए। एक ही गाड़ी में तीन संदिग्ध मौत की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

मृतकों की पहचान 62 वर्षीय रणधीर, 42 वर्षीय शिवनरेश और 40 वर्षीय लक्ष्मी के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि जिस कार में ये शव मिले, वह रणधीर के ही नाम पर है।

**आत्महत्या का शक, शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान**

पुलिस की शुरुआती तफ्तीश में यह मामला सामूहिक आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, तीनों मृतकों के शरीर पर किसी भी तरह के बाहरी चोट या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। इसके अलावा, कार की तलाशी लेने पर अंदर मौजूद उनका कीमती सामान भी सुरक्षित पाया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह लूटपाट या छीना–झपटी के इरादे से की गई हत्या नहीं है।

# तीर्थनगरी में राफ्टिंग का लुत्फ उठाने उमड़े पर्यटक



ऋषिकेश। राफ्टिंग का लुत्फ उठाने के लिए मुनिकीरेती में आसपास के राज्यों से वीकेंड पर पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। पर्यटकों ने गंगा की लहरों पर राफ्टिंग कर रोमांच का आनंद लिया। पर्यटकों की बढ़ती आमद से निर्भर स्थानीय व्यापारियों के चेहरों पर भी मुस्कान नजर आई।

रविवार सुबह से ही दिल्ली, एनसीआर, यूपी, हरियाणा आदि राज्यों से पर्यटकों का मुनिकीरेती पहुंचना शुरू हो गया था। दोपहर में खारास्त्रोत और आसपास राफ्टिंग बुकिंग कार्यालय पर्यटकों से भरे दिखे। गंगा भी रंग–बिरंगी राफ्टों से अटी नजर आई। शांत पहाड़ी घाटियों के बीच गंगा में राफ्टिंग का आनंद लेते हुए पर्यटकों का शोरगुल भी दिनभर गूंजता रहा। अचानक पर्यटकों की भीड़ बढ़ने से स्थानीय होटल, रेस्टोरेंट और राफ्टिंग कारोबारियों भी खुश दिखे। उनमें आर्थिक स्थिति बेहतर होने की उम्मीद एक बार फिर जग गई। वहीं, सहासिक पर्यटन अधिकारी जसपाल सिंह चौहान ने बताया कि रविवार को 628 पर्यटकों ने राफ्टिंग की। बताया कि बरसात बाद शुरू हुई राफ्टिंग में में अभी तक 40 हजार से ज्यादा पर्यटक राफ्टिंग कर चुके हैं।

# मुंबई : अवैध स्वप से रह रहे 4 बांग्लादेशी गिरफ्तार, डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू



मुंबई , मुंबई पुलिस की कुरार इकाई को अवैध रूप से भारत में रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मलाड पूर्व के पठानवाड़ी इलाके में छापेमारी कर चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि ये सभी बांग्लादेशी नागरिक लंबे समय से फर्जी पहचान के सहारे यहां रह रहे थे। पुलिस के अनुसार, कुरार पुलिस स्टेशन के एटीसी (एंटी–टेरर सेल) अधिकारी को सूचना मिली थी कि कुछ बांग्लादेशी नागरिक मलाड ईस्ट के पठानवाड़ी क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे हैं और नकली दस्तावेजों के आधार पर स्थानीय पहचान बनाकर जीवन यापन कर रहे हैं। सूचना के आधार पर कुरार पुलिस और एटीसी टीम ने संयुक्त अभियान चलाते हुए 2 से 6 फरवरी के बीच इलाके में कई स्थानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान चार संदिग्धों को मौके से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में सभी ने खुद को बांग्लादेश का नागरिक स्वीकार किया। प्रारंभिक जांच में उनके पास से बांग्लादेश से संबंधित कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए, जिनमें स्थायी निवास प्रमाणपत्र, नागरिकता प्रमाणपत्र और बांग्लादेश का नेशनल आईडी कार्ड शामिल है। पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए सभी लोग मलाड पूर्व के पठानवाड़ी इलाके में रह रहे थे और छोटे–मोटे व्यवसाय कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक, सभी आरोपी बिना वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश कर लंबे समय से यहां रह रहे थे। पुलिस ने इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही, संबंधित प्राधिकरणों से 'रिस्ट्रिक्शन ऑर्डर' प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है और सभी को बांग्लादेश वापस भेजने (डिपोर्टेशन) की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। डीसीपी महेश चिमटे और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजीव तावड़े ने इस अभियान की निगरानी की। कुरार पुलिस की इस कार्रवाई को अवैध घुसपैठ के खिलाफ एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

### पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर भड़के तेजस्वी यादव

पटना ,निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के बाद बिहार की राजनीति गरमा गई है। विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पहले ही इस गिरफ्तारी पर सवाल उठा चुके हैं। अब राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने भी खुलकर विरोध दर्ज कराया है। राजद के कार्यकारी अध्यक्ष और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में तानाशाही अपने चरम पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि दोषियों को बचाया जा रहा है और निर्दोष लोगों को फंसाया जा रहा है।तेजस्वी यादव ने नीट छात्रा के मामले का जिक्रकरते हुए कहा कि इस मुद्दे पर वे कई बार ट्वीट कर चुके हैं और राजद के विधायक लगातार विधानसभा में आवाज उठा रहे हैं, लेकिन सरकार गंभीर नहीं है। उन्होंने ष्टक्चढ्ढ जांच की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि जांच एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है।

# कोटा में बड़ा हादसा : निर्माणाधीन बिल्डिंग गिरने से छात्र समेत 2 की मौत, मलबे में 40 लोग दबे



कोटा , शिक्षा नगरी कोटा में रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। शहर के जवाहर नगर थाना क्षेत्र स्थित इंदिरा विहार में एक दो मंजिला निर्माणाधीन इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। इस हादसे में मलबे के नीचे दबने से एक कोचिंग छात्र समेत दो लोगों की मौत हो गई है। घटना के बाद तुरंत चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन को अब पूरा कर लिया गया है और मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। हादसे में कुल 13 लोग घायल हुए थे, जिनमें से 5 को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि 8 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**रेस्टोरेंट में खाना खा रहे थे लोग, तभी हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार रात करीब 8:45 बजे हुई। जिस समय यह हादसा हुआ, उस वक्त बिल्डिंग में चल रहे 'दिल्ली नॉनवेजझ् नामक रेस्टोरेंट में काफी चहल–पहल थी। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त बिल्डिंग में ग्राहकों और 10–12 स्टाफ सदस्यों को मिलाकर कुल 30 से 40 लोग मौजूद थे। अचानक बिल्डिंग गिरने से इलाके में हड़कंप मच गया। चीख–पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाई और प्रशासन के पहुंचने से पहले ही मलबे में दबे लोगों को निकालना शुरू कर दिया और उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

मृतकों और घायलों की स्थिति

इस भीषण हादसे में दो लोगों की जान चली गई है। मरने वालों में एक कोचिंग छात्र शामिल है, जिसकी पहचान पश्चिम बंगाल निवासी 'अरण्यझ् के रूप में हुई है, जो एलेन कोचिंग संस्थान का छात्र था। दूसरे मृतक की उम्र करीब 13 से 14 वर्ष बताई जा रही है, जिसकी शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। वहीं, मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग स्टाफ ने अस्पताल लाए गए एक मृतक की पहचान 23 वर्षीय भूपेंद्र के रूप में भी बताई है, जो कोटा का ही निवासी था। घायलों में साजिदा और शालीन नाम की दो महिलाएं भी शामिल हैं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर पूरे इलाके की बिजली काट दी है।

# कांग्रेस छूटते ही तीखे हुए तेवर, नवजोत कौर ने राहुल गांधी को कहा पप्पू

### सिद्धू की बीजेपी में वापसी की अटकलें हुई तेज

चंडीगढ़ , पंजाब की राजनीति में पिछले दो महीनों से चल रही रस्साकशी और बयानों की जंग का अंत एक बड़े धमाके के साथ हुआ है। कांग्रेस आलाकमान ने कड़ा रुख अपनाते हुए पूर्व विधायक डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल ने शुक्रवार को इसकी औपचारिक घोषणा की। हालांकि, डॉ. सिद्धू पहले ही 31 जनवरी को अपना इस्तीफा सौंप चुकी थीं, लेकिन पार्टी ने उन्हें निकालकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि अब सिद्धू परिवार की अनुशासनहीनता और बागी तेवरों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**राहुल पर निजी हमला, तल्खी चरम पर**

पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाए जाने के बाद डॉ. नवजोत कौर सिद्धू के तेवर और भी तल्ख हो गए हैं। निष्कासन के बाद उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा पलटवार किया और मर्यादा की सारी हदें लांघ दीं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निजी हमला बोलते हुए उन्होंने उनके लिए बेहद अपमानजनक शब्द 'पप्पूझ् का इस्तेमाल किया। आमतौर पर विपक्षी खेमे द्वारा उपहास के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले इस शब्द का प्रयोग कर नवजोत कौर ने यह साफ कर दिया है कि गांधी परिवार और कांग्रेस के साथ उनके रिश्तों की डोर अब पूरी तरह टूट चुकी है। इस विवाद की नींव पिछले साल दिसंबर में ही पड़ गई थी, जब नवजोत कौर ने कांग्रेस हाईकमान पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री का चेहरा वही बनता है जो 500 करोड़ रुपये का सूटकेस देता है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा था कि उनके पति नवजोत सिंह सिद्धू सक्रिय राजनीति में तभी लौटेंगे जब उन्हें सीएम फेस घोषित किया जाएगा।

उनका कहना था कि पार्टी में इतनी गुटबाजी है कि वे सिद्धू को आगे नहीं बढ़ने देंगे। वहां पहले से ही पांच दावेदार मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं और वे खुद ही कांग्रेस को हराने पर तुले हुए हैं।

### गंगा किनारे किशोर की हत्या मामले में केस दर्ज, तीन दोस्तों से पूछताछ

हरिद्वार। कनखल क्षेत्र में गंगा किनारे किशोर की निर्मम हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने रविवार को अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। झाड़ियों में मिले शव के सिर पर गहरी चोट के निशान मिलने के बाद पुलिस ने हत्या की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार, बीते शनिवार की शाम सूचना मिली कि श्रीयंत्र मंदिर घाट के सामने गंगा किनारे झाड़ियों में किशोर का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया। कुछ देर बाद पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान कुणाल (15) पुत्र रोहितास निवासी लक्सर हाल निवासी लाटोवाली कनखल के रूप में की। पुलिस जांच में सामने आया कि कुणाल कढ़ी–चावल की दुकान पर काम करता था। वह शुक्रवार शाम करीब छह बजे घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार को उसका शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया।

# अमित शाह बोले—31 मार्च 2026 से पहले देश होगा नक्सल—मुक्त



रायपुर ,रायपुर में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद की स्थिति को लेकर उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान राज्य में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति पर भी अलग से चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय व राज्य के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुख मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की सुरक्षा–केंद्रित रणनीति, बुनियादी ढांचे के विस्तार, नक्सली वित्तीय नेटवर्क पर कार्रवाई और आत्मसमर्पण नीति के सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि 31 मार्च 2026 से पहले देश नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि कभी नक्सली हिंसा के लिए चर्चित रहा छत्तीसगढ़ अब विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं की खेल, फॉरेंसिक और तकनीकी शिक्षा में बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए इसे बदलाव का संकेत बताया।

## सम्पादकीय

### महापंचायत से न्याय की गुहार

अंकिता हत्याकांड प्रकरण में भले ही राज्य सरकार द्वारा सीबीआई जांच की संस्तुति कर दी गई है और सीबीआई द्वारा भी इस मामले को अपने हाथ में लेते हुए जांच शुरू हो चुकी है लेकिन इसके बावजूद अंकिता को न्याय दिलाने की मुहिम अभी भी मुखर है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में बुलाई गई महापंचायत में अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग में एक बार फिर से जोर पकड़ा है जिसमें अब मुख्य बिंदु सीबीआई जांच में सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज को नियुक्त करने का उठाया गया है। इधर अंकिता के पिता द्वारा भी सार्वजनिक मंच से इस प्रकरण में पर्यावरणविद अनिल कुमार जोशी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर सवाल खड़े किए गए हैं और कहा गया है कि उनके द्वारा पहले ही संबंध में शिकायत दर्ज कराई जा चुकी थी तो ऐसी अवस्था में आखिर क्या विवशता थी कि उनसे पूछे बिना एक ऐसे व्यक्ति को वादी बनाया गया जिसे वह ना जानते हैं और ना कभी उनका नाम सुना? अंकिता के माता–पिता ने इन आरोपों को भी सिरे से खारिज किया कि उन्होंने इस मामले में किसी प्रकार की सौदेबाजी की है और वह तब तक लड़ाई लड़ेंगे जब तक उनकी बेटी को न्याय नहीं मिल जाता। हालांकि उनके द्वारा कुछ लोगों की कॉल रिकॉर्ड निकालने की भी मांग उठाई गई है जिसे निश्चित तौर पर सीबीआई अपनी जांच में शामिल करेगी ऐसी उम्मीद की जा सकती है। परेड ग्राउंड में बुलाई गई इस महापंचायत पर राज्य सरकार के साथ–साथ सभी राजनीतिक दलों की नजर भी थी और यह एक अचंभित कर देने वाली बात है कि जिस रोज परेड ग्राउंड में अंकिता भंडारी हत्याकांड में परिवार को न्याय दिलाने की बात को लेकर महापंचायत बुलाई गई थी उसी दिन परेड ग्राउंड में ही कौथिक मेले का समापन समारोह भी आयोजित किया गया था। यही नहीं देहरादून के विभिन्न क्षेत्र में हिंदू सम्मेलन का भी जोर–शोर से प्रचार किया गया था जिसे लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या महापंचायत के दिन को देखते हुए ही खास तौर से यह दोनों दिन नियत किए गए थे ताकि कोटिंग मेला और हिंदू पंचायत की तरफ लोगों को आकर्षित कर महा पंचायत के आयोजन से भटकाया जा सके! हालांकि इस सबके बावजूद महापंचायत में अच्छी खासी भीड़ नजर आई और अंकिता हत्याकांड से जुड़े कई सवाल महापंचायत के मंच से भी उठाए गए। यह प्रकरण पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है और अभी तक इसमें भले ही वीआईपी को लेकर चर्चाएं जोर पकड़ चुकी है लेकिन सीबीआई में दर्ज कराई गई शिकायत में वीआईपी को अज्ञात के तौर पर ही दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश भर में अंकिता प्रकरण की सीबीआई जांच करने को लेकर उठे आंदोलन के बाद जांच के आदेश दिए गए थे, लेकिन यहां भी सीबीआई जांच को सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की अध्यक्षता में कराए जाने की मांग की गई थी जिस पर सरकार की ओर से समर्थन नहीं मिल पाया। निश्चित तौर पर अंकिता प्रकरण अब एक हाई प्रोफाइल अपराधी प्रकरण बन चुका है और इसमें न जाने अभी कितने ही ऐसे छिपे हुए राज बाहर आने बाकी है जो अब तक गुमनामी के गर्त में हैं।

# सीपीआई के आधार वर्ष में बदलाव: क्या बदला है और यह क्यों ज़रूरी है

**सौरभ गर्ग**

महंगाई देश के सबसे अहम आर्थिक संकेतकों में से एक है, जिसे आम लोग रोज़मर्रा की ज़िंदगी में सीधे महसूस करते हैं, जैसे घर का राशन, किराया और पेट्रोल–डीज़ल के खर्च में बढ़ोतरी से।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) इसी महंगाई को मापता है। यह उन चीज़ों और सेवाओं के दाम देखता है, जिनका इस्तेमाल आम परिवार रोज़ करता है। सरल शब्दों में, सीपीआई आम आदमी की ज़िंदगी का आईना है। यह बताता है कि थाली में खाने का खर्च कितना बढ़ा, घर का किराया कितना हुआ, और काम पर जाने के लिए ईंधन कितना महंगा हुआ। सीपीआई भले ही एक आंकड़ा लगता हो, लेकिन यह सरकार को यह समझने में मदद करता है कि लोगों पर महंगाई का असली असर क्या है। इसी आधार पर वेतन, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े फैसले किए जाते हैं, ताकि ज़रूरी चीज़ें आम लोगों की पहुंच में बनी रहें।

भारतीय रिज़र्व बैंक भी ब्याज दर और महंगाई को नियंत्रित करने जैसे फैसलों के लिए सीपीआई आधारित महंगाई को ही सबसे मुख्य पैमाना मानता है। इसलिए जब सीपीआई ज़मीन की हकीकत सही तरीके से दिखाता है, तब सरकार और आरबीआई की नीतियाँ भी लोगों की असली परेशानियों के अनुसार बेहतर बन पाती हैं। महंगाई सिर्फ दाम बढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि यह भी है कि दामों में बदलाव से घर के बजट पर कितना असर पड़ता है। इसलिए जितना ज़रूरी दामों को मापना है, उतना ही ज़रूरी यह भी है कि महंगाई का सूचकांक लोगों की आज की खर्च करने की आदतों को सही तरीके से दिखाए। इसी संदर्भ में भारत में सीपीआई के आधार वर्ष को 2012 से बदलकर 2024 किया जा रहा है।

पिछली बार आधार बदले जाने के बाद देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बदलाव आया है। शहरों की आबादी बढ़ी है, सेवाओं का क्षेत्र बढ़ा है, डिजिटल प्लेटफॉर्म के कारण खरीदारी का तरीका बदला है और घरों का खर्च अब कई नई चीजों पर होने लगा है।

इसीलिए नया सीपीआई 2024 तैयार करने में 2023–24 के घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। समय के साथ लोगों की ज़रूरतें और खर्च बदलते हैं, इसलिए सीपीआई में अलग–अलग वस्तुओं और सेवाओं को दी जाने वाली अहमियत भी बदली गई है। जिन चीजों पर अब परिवार ज़्यादा खर्च करते हैं, उन्हें सीपीआई में ज़्यादा महत्व दिया गया है,और जिन पर खर्च कम हो गया है, उन्हें कम महत्व दिया गया है। इससे सीपीआई वही महंगाई दिखाता है, जो सच में आम परिवार के बजट को प्रभावित करती है। साथ ही, उपभोग की टोकरी (कंजम्पशन बास्केट) को भी बदला गया है, ताकि सेवाओं पर बढ़ते खर्च जैसे नए रुझान दिखाई दे सकें, जो बढ़ती आय और बदलती जीवनशैली की वजह से बढ़ रहे हैं। सीपीआई को मापने का तरीका अपडेट करना भी उतना ही ज़रूरी है, जितना यह तय करना कि उसमें क्या–क्या शामिल किया जाए।नया संशोधित सीपीआई अब अंतरराष्ट्रीय मानकों के ज्यादा करीब है, लेकिन इसमें भारत से जुड़ी खास बातें भी बनी हुई हैं।

इससे भारत की महंगाई की तुलना दूसरे देशों से करना आसान हो जाता है। आम परिवार के लिए इसका मतलब यह है कि सरकार और नीति बनाने वाले लोग यह बेहतर समझ पाते हैं कि भारत में दामों में होने वाला बदलाव दुनिया के हालात से कैसे जुड़ा है, और साथ ही यह भी ध्यान रहता है कि रोज़मर्रा की ज़िंदगी पर क्या असर पड़ रहा है।



**उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) इसी महंगाई को मापता है। यह उन चीज़ों और सेवाओं के दाम देखता है, जिनका इस्तेमाल आम परिवार रोज़ करता है। सरल शब्दों में, सीपीआई आम आदमी की ज़िंदगी का आईना है। यह बताता है कि थाली में खाने का खर्च कितना बढ़ा, घर का किराया कितना हुआ, और काम पर जाने के लिए ईंधन कितना महंगा हुआ। सीपीआई भले ही एक आंकड़ा लगता हो, लेकिन यह सरकार को यह समझने में मदद करता है कि लोगों पर महंगाई का असली असर क्या है। इसी आधार पर वेतन, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े फैसले किए जाते हैं, ताकि ज़रूरी चीज़ें आम लोगों की पहुंच में बनी रहें।**

सीपीआई के लिए आंकड़े जुटाने का तरीका भी अब लोगों की बदलती खरीदारी और खर्च की आदतों के अनुसार बेहतर बनाया गया है। जहां पहले की तरह बाजारों से दाम इकट्ठा किए जाते रहेंगे, खासकर खाने–पीने और ज़रूरी चीज़ों के, वहीं 2024 के नए ढांचे में अब कुछ सेवाओं के ऑनलाइन दाम भी शामिल किए जा रहे हैं। जैसे मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं, हवाई टिकट और कुछ अन्य सेवाओं के दाम अब ऑनलाइन स्रोतों से भी लिए जाएंगे।

नई सीपीआई श्रृंखला में अब कंप्यूटर की मदद से दाम इकट्ठा किए जा रहे हैं। इससे हाथ से होने वाली गलतियाँ कम हुई हैं और तुरंत जाँच भी हो जाती है। इससे दामों से जुड़े आंकड़ों की गुणवत्ता और समय पर उपलब्धता दोनों बेहतर हुई हैं। सीपीआई के आंकड़े सही और समय पर मिलना बहुत ज़रूरी है, क्योंकि इसी के आधार पर ऐसे फैसले होते हैं, जो सीधे आम आदमी की ज़िंदगी को प्रभावित करते हैं, जैसे कर्ज कितना महंगा होगा, बचत पर कितना ब्याज मिलेगा, और बढ़ती महंगाई से घर का बजट कैसे प्रभावित होगा।

नए आधार वर्ष की सीपीआई में अब कई मामलों में सरकारी स्रोतों से मिलने वाले आधिकारिक आंकड़ों का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है। जैसे रेल किराया, डाक शुल्क, ईंधन के दाम और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बिकने वाली चीजें। इससे इन दामों को पहले से ज्यादा सही तरीके से दर्ज किया जा रहा है और बाजार सर्वे में होने वाली गलती या पक्षपात की संभावना भी कम हो जाती है। अब सर्वे के आंकड़े, सरकारी रिकॉर्ड और डिजिटल माध्यमों से मिलने वाले दाम, तीनों को मिलाकर सीपीआई तैयार की जा रही है। यह पुरानी व्यवस्था की तुलना में बड़ा सुधार है और इससे दामों में होने वाले बदलाव की ज्यादा भरोसेमंद तस्वीर मिलती है।

इतने बड़े स्तर पर सीपीआई के आधार वर्ष में बदलाव करना एक बहुत बड़ा संस्थागत प्रयास होता है। इसमें देश भर के फील्ड दफ्तरों, सांख्यिकी विभागों और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ संस्थाओं के बीच तालमेल जरूरी होता है।

इस पूरी प्रक्रिया में मेथडोलॉजी की गहराई से जाँच की जाती है, अलग–अलग विकल्पों को परखा जाता है और अर्थशास्त्रियों व विषय–विशेषज्ञों से सलाह ली जाती है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने विशेषज्ञ समूहों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और अन्य संबंधित पक्षों से बातचीत की है, ताकि किए गए बदलाव साफ, समझने में आसान और वैज्ञानिक रूप से सही हों।

टोकरी, वेटेज और आंकड़ों के स्रोत बदलने के बाद भी सीपीआई का मूल उद्देश्य वही रहता है–यानी एक परिवार की नज़र से दामों में होने वाले बदलाव को दिखाना। यह निरंतरता इसलिए ज़रूरी है, ताकि हम समय के साथ महंगाई की तुलना कर सकें।

सीधे शब्दों में, सीपीआई को बेहतर बनाया जा रहा है, लेकिन उसे रोज़मर्रा की ज़िंदगी से जोड़कर ही रखा गया है, ताकि वह नीति बनाने वालों के लिए एक भरोसेमंद मार्गदर्शक बना रहे।सीपीआई हमें यह याद दिलाता है कि हर आंकड़े के पीछे करोड़ों लोगों की असली ज़िंदगी छिपी होती है। आखिरकार, आंकड़े लोगों के लिए ही होते हैं। यह चुपचाप यह दिखाता है कि दामों में बदलाव हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी को कैसे प्रभावित करता है और सरकार की नीतियों को दिशा देता है।

आधार वर्ष में चल रहे संशोधन के ज़रिये सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने यह सुनिश्चित किया है कि सीपीआई सही, समय के अनुसार अपडेट और लंबे समय तक एक–जैसे तरीके से मापा गया रहे। ताकि सीपीआई सिर्फ एक संख्या न होकर, पूरे देश के लोगों की असली ज़िंदगी की सच्चाई दिखाने वाला आईना बना रहे।

# काष्ठशिल्प का प्रशिक्षण

**तारा शंकर**

अगर कुछ कर गुजरने का जज्बा मन में हो तो जीवन में हर काम आसान हो जाता है। इस कथन को आत्मसमर्पित माओवादियों ने चरितार्थ किया है। जिन हाथों ने कभी बंदूक थामकर हिंसा की राह अख्तियार किया था, आज उन्हीं हाथों को राज्य की नक्सल पुनर्वास नीति के तहत कुशल और दक्ष बनाने की कवायद जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। शासन की मंशानुसार ग्राम चौगेल (मुल्ला) कैंप में प्रशिक्षण देकर इहिंसा से हुनरइ की ओर लौटे माओवादियों को नया जीवनदान मिल रहा है।

**आजीविका मूलक गतिविधियों का दिया जा रहा है प्रशिक्षण**

कभी माओवाद गतिविधियों में संलिप्त रहे युवक–युवतियों को अब ड्राइविंग, सिलाई, काष्ठशिल्प कला, सहायक इलेक्ट्रिशियन जैसे विभिन्न ट्रेड में सतत् प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे समाज की मुख्य धारा में लौटने के बाद आजीविका मूलक गतिविधियों में कुशल होकर बेहतर ढंग से सम्मान पूर्वक जीवन निर्वाह कर सके।

चौगेल कैंप परिसर बना कौशलगढ़

वर्षों से लाल आतंक के साए में हिंसा का दंश झेल रहा बस्तर संभाग अब विकास की ओर शनैः–शनैः आगे बढ़ रहा है और माओवाद का दायरा धीरे–धीरे सिमटता जा रहा है। छत्तीसगढ़ सहित देश को माओवाद से मुक्ति दिलाने केंद्र सरकार के संकल्प को पूरा करने प्रदेश सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। वहीं हथियार उठाने वालों को भविष्य गढ़ने का सुनहरा अवसर भी सरकार द्वारा दिया जा रहा है। आत्मसमर्पित/पीड़ित नक्सल पुनर्वास नीति–2025 के अंतर्गत उन्हें विभिन्न सृजनात्मक और रोजगारमूलक गतिविधियों के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भानुप्रतापपुर विकासखंड से लगे ग्राम चौगेल (मुल्ला) का बीएसएफ कैम्प परिसर 'कौशलगढ़ बन गया है, जहां समाज की मुख्यधारा में लौटे 40 आत्मसमर्पित माओवादियों को अलग–अलग पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जा रहा है, साथ ही उन्हें शिक्षित भी किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार कक्षा पहली से आठवीं तक के पाठ्यक्रमों का नियमित अध्ययन कराया जा रहा है, जिसमें रूचि लेते हुए सभी आत्मसमर्पित माओवादी अपने भविष्य को पूरी शिद्दत से गढ़ने में संलग्न हैं। 20–20 का बैच बनाकर उन्हें हुनरमंद बनाने के सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

**ड्राइविंग सीखने का शौक अब पूरा हो रहा– मनहेर तारम**

चारपहिया वाहन चालन का प्रशिक्षण ले रहे आत्मसमर्पित माओवादी 40 वर्षीय श्री मनहेर तारम ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से उन्हें ड्रायविंग की ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसे वे पूरी रूचि के साथ सीख रहे हैं। ट्रेनर द्वारा स्टेयरिंग थामने से लेकर क्लच, ब्रेक व एक्सिलरेटर का प्रयोग करना सिखाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ड्रायविंग सीखने की चाहत अब पूरी हो रही है। इसके अलावा सिलाई और काष्ठशिल्प का प्रशिक्षण कैम्प में दिया जा रहा है। इसी तरह श्री नरसिंह नेताम ने बताया कि वह भी फोरव्हीलर की ड्रायविंग में अपना हाथ आजमा रहे हैं तथा यहां आकर ऐसी गतिविधियों से जुड़ रहे हैं, जिससे आगे का जीवन बेहतर हो सके। 19 साल के सुकदू पद्दा ने बताया कि यहां पिछले तीन महीने से ट्रेनिंग ले रहे हैं और खुद को आजीविका मूलक कार्यों से जोड़ रहे हैं, जबकि वह निरक्षर है। वहीं 19 वर्ष की कु. काजल वेड़दा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां आकर अलग–अलग पाठ्यक्रमों में नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें बचपन से कपड़ों की सिलाई करने की इच्छा थी, यहां आकर वह भी पूरी हो रही है। वहीं शिक्षकां के द्वारा प्राथमिक शिक्षा का भी वह लाभ ले रही हैं। इसी तरह कैंप में रह रहे जगदेव कोमरा, राजू नुरूटी, बीरसिंह मण्डावी, मैनू नेगी, सनऊगावड़े, मानकी नेताम, सामको नुरूटी, उंगी कोरीम, रमोती कवाची, मानकेर हुपेंडी, डाली सलाम, गेंजो हुपेंडी सहित सभी आत्मसमर्पित माओवादी अपनी रूचि अनुसार ड्राईविंग, काष्ठशिल्प कला, सिलाई मशीन तथा सहायक इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उनका नियमितरूप से स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाईयां दी जाती हैं। कैम्प में मनोरंजनात्मक गतिविधियां कैरम, वाद्य यंत्र, विभिन्न प्रकार के खेल भी आयोजित किया जाता है।

पुनर्वास कैंप के नोडल अधिकारी श्री विनोद अहिरवार ने बताया कि कलेक्टर उत्तर बस्तर कांकेर के निर्देशानुसार आत्मसमर्पित 40 माओवादियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए विभिन्न पाठ्यक्रमों में 20–20 के बैच में चौगेल (मुल्ला) कैंप में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और सभी को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित किया जा रहा है। भविष्य में मशरूम उत्पादन, बागवानी सहित विभिन्न सृजनात्मक एवं स्वरोजगार मूलक पाठ्यक्रमों में जल्द ही प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस तरह आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे माओवादियों को राज्य शासन द्वारा अवसर देकर उन्हें आत्मनिर्भर तथा स्वरोजगारमूलक सकारात्मक कार्यों से जोड़ा जा रहा है, जिससे उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करने का मौका मिल सके।

# मनोज मांचू की 'डेविड रेड्डी की पहली झलक आई सामने



तेजा सज्जा की फिल्म 'मिराय में विलेन की भूमिका निभाने वाले अभिनेता मनोज मांचू अब नई एक्शन पैक्ड फिल्म लेकर आ रहे हैं। उनकी आगामी पैन इंडिया फिल्म 'डेविड रेड्डी की शूटिंग शुरू हो गई है। अब फिल्म की हिंदी झलक भी सामने आई है। जानिए क्या है फिल्म की कहानी...2 मिनट 39 सेकंड के इस वीडियो में जमकर एक्शन देखने को मिलता है। फिल्म की कहानी 1897 से 1922 के समय पर आधारित है। इसलिए इसकी पहली झलक में भी सुभाष चंद्र बोस और ब्रिटिश साम्राज्य के बारे में सुनने को मिलता है। फर्स्ट ग्लिप्स में दिखाया गया है कि कैसे अंग्रेजों से मुकाबला करने के लिए एक फैक्ट्री में हथियार बनाए जा रहे हैं। इस अनाउंसमेंट वीडियो में दिखाया गया है कि जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार के बाद अंग्रेजों के खिलाफ भारतीयों में गुस्सा था। इन्हीं से मुकाबला करने के लिए डेविड रेड्डी नाम के एक व्यक्ति ने खुद हथियार बनाने की ठानी। फिल्म में मनोज मांचू को फुल एक्शन हीरो के अवतार में दिखाया गया है। फिलहाल अभी सिर्फ फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है। हनुमा रेड्डी यक्कंती द्वारा निर्देशित यह एक्शन पैक्ड फिल्म पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी। फिल्म को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म की पहली झलक देखने के बाद फैंस अब मनोज मांचू को इस अवतार में देखने के लिए उत्साहित हैं। मनोज मांचू इससे पहले तेजा सज्जा की मायथोलॉजिकल–सुपरनेचुरल फिल्म 'मिराय में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने निगेटिव भूमिका निभाई थी। ००

# आईसीसी–पीसीबी की बैठक शुरू, भारत से मैच खेल सकता पाकिस्तान



स्पोर्ट्स डेस्क, नई दिल्ली। टी20 विश्वकप 2026 में भारत–पाकिस्तान का मुकाबला होगा या नहीं, इस पर आज फैसला आ सकता है। पाकिस्तान अपने बहिष्कार के फैसले पर आज यू–टर्न ले सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के बीच कुछ देर में मीटिंग होगी। खबरों के अनुसार, पीसीबी ने बहिष्कार पर अपना रुख नरम कर लिया है।

**मीटिंग में क्या चल रहा**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीसीबी आईसीसी के राजस्व में हिस्सेदारी बढ़ाने, भारत के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट की बहाली और प्रोटोकॉल के पालन की मांग कर रहा है। बांग्लादेश भी कुछ मुआवजे की मांग कर सकता है।

**मध्यस्थ के रूप में नामित किया**

आईसीसी के उपाध्यक्ष ख्वाजा को इस विवाद में मध्यस्थ के रूप में नामित किया गया है। पीटीआई के एक सूत्र ने दावा किया, "वह मोहसिन नकवी से कुछ समय से बातचीत कर रहे हैं, ताकि पहले पीसीबी प्रमुख और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम से बात कर सकें, जिसके बाद आज वर्चुअल बैठक होगी।"

**लाहौर पहुंचे इमरान**

आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा लाहौर पहुंच गए हैं। पीसीबी प्रमुख के सलाहकार आमिर मीर ने मोहसिन नकवी के साथ बैठक से पहले लाहौर हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

**पाकिस्तान बदल सकता फैसला**

पाकिस्तान भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार पर जल्द ही फैसला ले सकता है और संभवतः अपना निर्णय बदल सकता है। आज सुबह खबर आई थी कि आईसीसी द्वारा पाकिस्तान को संभावित वित्तीय और अन्य नुकसानों के बारे में सूचित किए जाने के बाद पाकिस्तान ने अपना रुख नरम कर लिया है।

**मीटिंग शुरू**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बीच बैठक शुरू हो चुकी है। यह देखना दिलचस्प होगा कि बांग्लादेश की भागीदारी से क्या फर्क पड़ता है, क्योंकि वे अब टी20 विश्व कप में भाग नहीं ले रहे हैं।

**दादा का बयान आया सामने**

एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने के पाकिस्तान के फैसले पर हैरानी जताई।

# स्वयंभू के मेकर्स का बड़ा ऐलान!



एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के कुछ बेहतरीन टेक्निशियन और क्रिएटर्स डायरेक्टर भरत कृष्णमाचारी, केजीएफ और सलार के म्यूजिक डायरेक्टर रवि बसरूर, बाहुबली और आरआरआर के सिनेमैटोग्राफर के.के. सेंटिल कुमार, बाहुबली के एडिटर तम्मिराजू और कई अन्य प्रतिभाशाली कलाकार, सब मिलकर इस बड़ी फिल्म को बना रहे हैं, जिसकी शूटिंग 170 दिनों तक चली। फिल्म को पिक्सल स्टूडियोज के भूवन और श्रीकर ने प्रोड्यूस किया है! दिन की सबसे बड़े ऐलान का वक्त आ गया है, क्योंकि कार्तिकेय फ्रेंचाइज़ के पीछे चेहरा रहे निखिल सिद्धार्थ अब एक अलग ही अंदाज़ की ऐतिहासिक महागाथा स्वयंभू के साथ लौट रहे हैं। हम देखते हैं कि वो बिल्कुल शानदार और भव्य अंदाज़ में नज़र आ रहे हैं, और फिल्म का ऐलान भी एक रैप–अप वीडियो के ज़रिए किया गया है, जो किसी प्रोजेक्ट को पेश करने का सच में अनोखा तरीका है। इसमें फिल्म की भव्यता, दमदार एक्शन, शानदार स्टार कास्ट और एक आम आदमी की उस महाकथा की झलक मिलती है, जो आगे बढ़कर एक योद्धा बन जाता है। निखिल, जिन्होंने पैन–इंडिया सुपरहिट कार्तिकेय 2 से पूरे देश में पहचान बनाई, अब अपनी महत्वाकांक्षी 20वीं फिल्म स्वयंभू के साथ फिर से दर्शकों को बांधने आ रहे हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर बॉर्डर 2 का प्रदर्शन जारी

सनी देओल की युद्ध ड्रामा फिल्म बॉर्डर 2 बॉक्स ऑफिर पर अपना पूरा जोर लगाती दिख रही है। यह भारत में 300 करोड़ के क्लब में शामिल होने के बेहद करीब पहुंच चुकी है। इसी के साथ सिनेमाघरों में रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 भी लगी हुई है, जो कछुए की चाल चलते–चलते अपना दम तोड़ने के बेहद करीब है। दोनों ही फिल्मों की ताजा कमाई के आंकड़े आ गए हैं। यहां जानिए किसने कितनी कमाई की है। सनी की फिल्म गदर 2 ने 300 करोड़ के क्लब में जगह बनाई थी, और अब उनकी हालिया रिलीज फिल्म बॉर्डर 2 यह कारनामा दिखाने के बेहद करीब है। सैकनिल्क के मुताबिक, इसने 14वें दिन 3.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया है जिसके बाद भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कुल कमाई 294.25 करोड़ रुपये हो चुकी है। फिल्म की कहानी 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है जिसमें वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ भी अहम किरदार में हैं।

# सांस रोक देने वाले मुकाबले में इंग्लैंड की जीत के बाद नेपाल के फैन हुए हैरी ब्रूक




नई दिल्ली। नेपाल के खिलाफ इंग्लैंड की टीम हार से बाल–बाल बची और उन्होंने मुकाबले में 4 रनों से जीता हासिल की। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसका फैसला आखिरी ओवर में हुआ। नेपाल के इस शानदार खेल को देखते हुए इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने उनकी खूब तारीफ की और नेपाल की टीम को सलाम किया।

नेपाल ने इस मुकाबले में दिखा दिया कि वे टूर्नामेंट में सिर्फ भाग लेने के लिए नहीं आए हैं बल्कि बड़ी टीमों को चित करने के लिए आए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ, जिस तरह से इस टीम ने खेल दिखाया, वो सराहनीय था। दुनिया के तमाम दिग्गज नेपाल टीम के कायल हो गए हैं और हैरी ब्रूक भी काफी प्रभावित हुए।

**हैरी ब्रूक ने की नेपाल की तारीफ**

नेपाल से रोमांचक मुकाबले में जीत के बाद पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में बात करते हुए इंग्लिश कप्तान हैरी ब्रूक ने कहा, "ये मैच बिल्कुल भी आसान नहीं था लेकिन शुक्रहै कि हम जीत गए। नेपाल ने बहुत ही अच्छा खेल दिखाया। आदिल रशीद को बहुत टीमें हैं, जो इस तरह से खेल पाती हैं लेकिन नेपाल की टीम ने उनके खिलाफ शानदार बैटिंग की। उन्होंने कई मौकों पर हमें मुश्किल परिस्थितियों में डाला। मैंने नहीं सोचा था कि मैच इतना करीबी होगा और मुझे लगा था कि ये टोटल हम आसानी से डिफेंड कर लेंगे।"

**नेपाल को दी शुभकामनाएं**

ब्रूक ने आगे कहा, "जिस तरह से नेपाल की टीम ने खेल दिखाया है, मैं उन्हें टूर्नामेंट आगे के मैचों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। नेपाल की टीम को मेरा सलाम, उन्होंने बहुत ही बेहतरीन खेल दिखाया है। हम डटे रहे और मैदान पर शांत रहे, जिसकी वजह से मुकाबले में हमें जीत मिली।"

इंग्लैंड–नेपाल का रोमांचक मुकाबला

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड और नेपाल के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाए थे और नेपाल को जीत के लिए 185 रनों का लक्ष्य दिया था।

## एक नजर

### हंस बाल महोत्सव में अमित सागर और छात्रों ने बिखेरी सतरंगी छटा

कोटद्वार। हंस अस्पताल सतपुली में आयोजित चौथे हंस बाल मेले में लोकगायक अमित सागर और छात्र–छात्राओं को सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सतरंगी छटा बिखेरी। रविवार को अस्पताल के हेलिपैड मैदान में हंस बाल मेले का आयोजन हुआ। महोत्सव का उद्घाटन हंस अस्पताल के डॉ. राम सिंह रावत, डॉ. प्रकाश पांडेय, डॉ. गौरव और बाबा मंगला ने किया। लोकगायक अमित सागर की ओर से फ्योंलडिया त्वै देखिकी..., नाच मेरी बीरा..., चैता कि चैत्वाली...,धना तेरी नौ कि माला..., घुंघरू बाजि गे... सरीखी प्रस्तुति ने हर किसी को झूमने पर मजबूर कर दिया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा हंस अस्पताल सतपुली, हंस आई केयर हरिद्वार और हंस अस्पताल हरिद्वार के स्टाफ को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए और महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले दो दर्जन विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। बाल मेले में नौनिहालों और स्थानीय प्रतिभाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए क्षेत्र के 24 स्कूलों के डेढ़ हजार से अधिक विद्यार्थी समेत स्थानीय ग्रामीण पहुंचे थे। कार्यक्रम का संचालन गणेश खुगशाल ने किया। हंस अस्पताल के यूनिट हेड पंकज मोहन शर्मा, सीनियर मैनेजर गरिमा त्रिपाठी, आईटी हेड मुकेश रावत, प्रशासनिक अधिकारी सचिन कुमार, थानाध्यक्ष सतपुली पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

### विद्यालयीय ओलंपियाड परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

चमोली। विद्यालयीय ओलंपियाड परीक्षा रविवार को उत्तराखंड पब्लिक स्कूल गोपेश्वर में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा में पौड़ी, रुद्रप्रयाग, टिहरी, चमोली जनपद के चयनित छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सुबह नौ बजे से शुरू हुई परीक्षा दोपहर दो बजे तक तीन पालियों में हुई। उत्तराखंड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विनोद रावत ने बताया कि एक–एक घंटे के अंतराल में परीक्षा हुई। राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में 5 परीक्षार्थी, अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में 11 और राष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड में 19 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा में कक्षा 3 से 12वीं तक के 35 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर जिला समन्वयक देवेंद्र सिंह भंडारी, प्रधानाचार्य अरुणा रावत और परीक्षा नियंत्रक हिम्मत सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### सीएम योगी को घंटाकर्ण मंदिर आने का दिया न्योता

नई टिहरी। गजा घड़ियाल डांडा स्थित घंटाकर्ण मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने पौड़ी यमकेश्वर ब्लॉक के पंचूर गांव जाकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को घंटाकर्ण मंदिर का चित्र भेंट कर उन्हें घंटाकर्ण मंदिर आने का न्योता दिया। गत दिनों उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ अपने पैत्रिक गांव पंचूर आए हुए थे। नरेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के क्वीली पट्टी के घड़ियाल डांडा स्थित प्रसिद्ध घंटाकर्ण मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय प्रकाश बिजल्वाण के नेतृत्व में मंदिर समिति पदाधिकारियों ने सीएम योगी के गांव जाकर उन्हें घंटाकर्ण धाम आने का आमंत्रण दिया। इस मौके पर नरेंद्रनगर मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष वीर सिंह रावत, बिहारी लाल गैरोला, अशोक बिजल्वाण, सुशांत गैरोला, दीपक बिजल्वाण, श्यामलाल गैरोला आदि मौजूद थे।

### बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

रुद्रप्रयाग। शिवालिक इंस्टीट्यूट एवं होटल परिसर में भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से रविवार को बजट संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम के साथ हुआ। ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतीश गोस्वामी ने कहा कि बजट में युवाओं के रोजगार, मैन्युफैक्चरिंग, स्किल डेवलपमेंट, किसानों और मध्य वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। भाजपा जिला महामंत्री अरुण चमोली ने बजट को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। ब्लॉक प्रमुख अगस्तमुनि भुवनेश्वरी देवी एवं अनिल कोठियाल ने भी अपने विचार रखे।

### पुरोला पीजी कॉलेज में स्थायी भवन निर्माण की मांग

उत्तरकाशी। बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में छात्र संघ भवन निर्माण की मांग उठी है। कॉलेज के पास अभी तक अपना स्थायी भवन नहीं है। छात्र संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने इस संबंध में यमुना घाटी भ्रमण पर आए जिलाधिकारी प्रशांत आर्य को पत्र सौंपकर उचित कार्यवाही की मांग की।

# लापरवाह बना सिस्टम, इस अतिक्रमण पर नहीं जाता ध्यान

**न्यायालय के आदेश के बाद भी अतिक्रमण मुक्त नहीं हुआ मार्केट, जिला परिषद मार्केट में पसरे अतिक्रमण के कारण बिगड़ रही व्यवस्था**


कोटद्वार के जिला परिषद मार्केट में सड़क पर सजी दुकानें

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः शहर में अतिक्रमण को लेकर सरकारी सिस्टम किस तरह लापरवाह बना हुआ है। इसका अंदाजा जिला पंचायत परिषद मार्केट व मालनी मार्केट को देखकर लगाया जा सकता है। जहां जिला पंचायत परिषद पौड़ी ने उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अतिक्रमणकारियों को नोटिस तो थमाए लेकिन, आज तक अतिक्रमण हटाने की सुध नहीं ली। नतीजा, अतिक्रमण के कारण व्यवस्थाएं बेपटरी होती जा रही है। मार्केट में आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उच्च न्यायालय ने सभी सरकारी विभागों को अपनी नजूल भूमि से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद जिला पंचायत पौड़ी ने जिला परिषद मार्केट के पचास से अधिक अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमाए थे। नोटिस में एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए गए। लेकिन, समय बीतता चला गया और न ही व्यापारियों ने अतिक्रमण हटाया और न ही सरकारी सिस्टम ने कोई कार्रवाई की। नतीजा, आज भी मार्केट में अतिक्रमण जस का तस बना हुआ हे। व्यापारियों ने सड़क तक सामान समाया हुआ है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालक व पैदल चलने वालों को होती है। कई बार मार्ग पर घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। अव्यवस्थाओं के कारण हर समय दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। पूर्व में स्थानीय लोग कई बार अतिक्रमण को हटवाने की मांग भी उठा चुके हैं। बावजूद सिस्टम लापरवाह बना हुआ है।

### विवाद की बनी रहती है स्थिति

जिला परिषद मार्केट में सड़क के दोनों ओर दुकानें सजी हुई है। ऐसे में दोपहिया वाहन पार्क करना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। पर्याप्त रास्ता नहीं मिलने के कारण कई बार विवाद की स्थिति बनी रहती है। यही नही मार्ग पर लंबा जाम लगने के बाद भी अतिक्रमणकारी अपना सामान हटाने तक की जहमत नहीं उठाते। पूर्व में शहरवासियों ने समस्या से उपजिलाधिकारी सहित अन्य उच्चाधिकारियों को भी अवगत करवाया था। लेकिन, अधिकारी भी जनसमस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे। ऐसे में कैसे शहर की व्यवस्थाओं में सुधार होगा यह बड़ा सवाल है।

### एक दुकान के तीन हिस्से

जिला परिषद मार्केट में परिषद की ओर से दशकों पूर्व व्यापारियों को 226 दुकानें आवंटित की गई थी। अधिकांश व्यापारियों ने आवंटित दुकानों के तीन–तीन हिस्से कर उसे अलग-अलग लोगों में बेच दिया है। जिसके कारण जिला पंचायत परिषद पौड़ी को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। हालांकि इस संबंध में दो दिन पूर्व ही अधिकारियों ने परिषद मार्केट का निरीक्षण करते हुए दुकानों के हिस्से करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।

# कार्यकारणी का हुआ गठन, भूपेंद्र सिंह बने अध्यक्ष


जल निगम–जल संस्थान मजदूर यूनियन नवनियुक्त पदाधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** जल निगम-जल संस्थान मजदूर यूनियन की ओर से भूपेंद्र सिंह को अध्यक्ष व आशीष बहुगुणा को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान सदस्यों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

वाचस्पति भट्ट व महेश जोशी के नेतृत्व में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में भूपेंद्र सिंह को अध्यक्ष, आशीष बहुगुणा को सचिव, गीता थापा को कोषाध्यक्ष, ताजबीर सिंह को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया। इस दौरान वाचस्पति भट्ट को संयोजक पद की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही हरीश, हरेंद्र व कल्पना देवी को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं को उठाना है। इसके लिए पूरी गंभीरता के साथ कार्य किया जाएगा।

# नवदंपत्ति ने किया पौधा रोपण, संरक्षण का संकल्प


कोटद्वार के सिद्धबली मंदिर के समीप वन वाटिका में पौधा रोपण करते नव दंपत्ति

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए अंगणी ग्रामवासी समूह की पहल पर नवदंपत्ति ने समलौंण पौधा रोपण किया। इस दौरान मंदिर आने वाले लोगों को भी पौधा रोपण के प्रति जागरूक किया गया।

पांच फरवरी को संयोगिता व आदर्श का विवाह हुआ। इसके उपरांत रविवार को उन्होंने सिद्धबली मंदिर के समीप वन वाटिका में समलौंण पौधा रोपण किया गया। उन्होंने अन्य लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कहा कि बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। इसलिए हमें पूरी गंभीरता से पर्यावरण को बचाने के लिए कार्य करना चाहिए। मौके पर मौजूद लोगों ने समाज से अपने जन्मदिवस, विवाह सहित अन्य शुभ अवसरों पर पौधा रोपण करने की सीख दी। कहा कि यह अभियान केवल पौधा रोपण तक ही सीमित न रहें। बल्कि, हमें लगाए गए पौधों के संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए। अभियान के दौरान बेल सहित अन्य पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर पंडित सूर्यप्रकाश भारद्वाज, सहायक अभियंता मनोज असवाल, प्रवक्ता हरेंद्र सिंह रावत, अध्यापक विवेकानंद मधवाल, शिवसिंह चौहान, गुरुदेव सिंह चौहान, रजनी रावत, अनिता देवी आदि मौजूद रहे।

# केरल से सांसद जॉन ब्रिटास ने दीपक कुमार से की मुलाकात

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः कोटद्वार शहर में दुकान का नाम बदलने को लेकर हुआ विवाद अब शांत हो गया है। रविवार को केरल से सांसद व सीपीआई नेता जॉन ब्रिटास ने कोटद्वार पहुंचकर दीपक कुमार से मुलाकात की। उन्होंने दीपक व उसके परिवार को केरल आने का भी निमंत्रण दिया।

रविवार को जॉन ब्रिटास ने दीपक से मिलने उनके जिम में पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश को दीपक जैसे नौजवान युवाओं की आवश्यकता है। जो इस देश में भाई चारे का संदेश दें। कहा कि कुछ दिन पूर्व कोटद्वार में हुई घटना से दीपक ने पूरे देश को भाईचारे का संदेश दिया।


कोटद्वार में दीपक कुमार से मुलाकात करते सांसद जॉन ब्रिटास

कहा कि दीपक के इस कार्य से उनकी भी उससे मिलने की इच्छा हुई और वह केरल से सीधे कोटद्वार पहुंच गए। कहा कि केरल में भी सभी धर्मों के लोग शांति पूर्ण तरीके से रहते हैं। सभी का एक दूसरे के प्रति भाईचारे का व्यवहार रहता है। लेकिन, कुछ लोग इस सौहार्द को बिगाड़ने के प्रयास में लगे रहते हैं। दीपक ने उन सभी लोगों को एक संदेश दे दिया है। उन्होंने दीपक को परिवार के साथ केरल आने का निमंत्रण दिया। कहा कि एक बार पहाड़ व समुद्र का मिलन भी आवश्यक है।

# सरकार के खिलाफ एक होगी जनताः डा.हरक सिंह रावत

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः पूर्व काबीना मंत्री व कांग्रेस चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा.हरक सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता का शोषण कर रही है। प्रदेश में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अब जनता ने सरकार के खिलाफ एकजुट होने का पूरा मन बना लिया है। कहा कि प्रदेश की जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी 16 फरवरी को राजभवन घेराव करेगी।

कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए डा.हरक सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार जनसमस्याओं के समाधान करने की बजाय मुद्दो को भटकाने का प्रयास कर रही है। कहा कि जब भाजपा के पास विकास का कोई मुद्दा नहीं है तो वह धार्मिक उन्माद फैलाकर समाज को बांटने का काम करती है। कहा कि 16 फरवरी को राजभवन घेराव का मुख्य मकसद प्रदेश की ज्वलंत समस्याओं की तरफ ध्यान आकर्षण करना है। कहा कि राजभवन घेराव के दौरान प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार, किसानों व बेरोजगारों की समस्याओं को उठाया जाएगा। कहा कि वर्तमान में हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। जिससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों का आतंक फैला हुआ है, जिससे ग्रामीणों का भय का माहौल बना हुआ है। प्रदेश सरकार जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए ठोस पहल नहीं कर रही है। कोटद्वार में हुए विवाद प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी जानबूझकर इस प्रकार के धार्मिक उन्माद फैलाती है। लेकिन, कोटद्वार का प्रकरण भाजपा के लिए गले की फांस बन गया है। कहा कि कोटद्वार एक शांत प्रिय शहर है, जहां पर इस प्रकार की समाज को बांटने वाली सोच को स्वीकार नहीं किया जाता। कहा कि कांग्रेस पार्टी धर्म के नाम पर माहौल को खराब नहीं होने देगी। कहा कि राज्य निर्माण आंदोलन में उत्तराखंड के हर समाज, व धर्म के लोगों का योगदान रहा। इस मौके पर रंजना रावत, बलवीर सिंह रावत, रमेश खंतवाल मौजूद रहे।


कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा.हरक सिंह

### सड़क हादसे में यूपी के युवक की मौत पर केस

ऋषिकेश। सड़क हादसे में यूपी निवासी युवक की मौत के सात दिन पुराने मामले में पुलिस ने भाई की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर पुलिस ट्रक चालक की पहचान के प्रयास में जुटी है।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक यह घटना बीती एक फरवरी की है। नित्यानंद शर्मा, निवासी ग्राम कुरमौटा मंझारिया, कुशीनगर, यूपी ने तहरीर देकर बताया कि उनका भाई नितीश शर्मा नोएडा में पढ़ाई कर रहा था।

# अधिकारियों ने ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः पाटीसैंण के अंतर्गत मजगांव में जन-जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अधिकारियों को सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य समस्याओं से अवगत करवाया।

सिविल सोयम वन प्रभाग पौड़ी के प्रभागीय वनाधिकारी पवन नेगी की अध्यक्षता का शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुछ 15 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि शिविर में 401 लोगों ने भाग लिया।

बहुउद्देशीय शिविर के दौरान ग्रामीणों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी गई। कहा कि योगदान का लाभ उठाकर ग्रामीणों को स्वजरोजगार की ओर अपना कदम बढ़ाना चाहिए। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टाल भी लगाए गए थे। जिसमें विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख संजय गुसांई, ज्येष्ठ उप प्रमुख प्रदीप सिंह, खंड विकास अधिकारी सूर्यप्रकाश शाह आदि मौजूद रहे।

# मास्टर प्लान के कार्य संपन्न होने की बाद बदरीनाथ प्राधिकरण संभालेगा जिम्माः डीएम

चमोली। बदरीनाथ मास्टर प्लान के कार्य संपन्न होने के बाद इस नगरी के रखरखाव का जिम्मा बदरीनाथ प्राधिकरण संभालेगा। इसको लेकर शासन में मंथन शुरू हो गया है। केदारनाथ की तर्ज पर बदरीनाथ में भी यह व्यवस्था लागू की जाएगी। बदरीनाथ में मौजूदा समय में मास्टर प्लान के कार्य जारी हैं। पिछले चार साल से बदरीनाथ मास्टर प्लान के कार्य चल रहे हैं। बदरीश झील और शेष नेत्र झील के सौंदर्यीकरण होने के बाद लोक निर्माण विभाग पीआईयू ने इनके रखरखाव का काम नगर पंचायत बदरीनाथ को सौंपने की सिफारिश की, मगर नगर पंचायत ने कार्य की अधिकता के कारण झीलों को लेने से इंकार कर दिया। जिसके बाद यह बात सामने आई कि मास्टर प्लान के कार्य संपन्न होने के बाद इसके रखरखाव का जिम्मा कौन संभालेगा। शासन ने बदरीनाथ मास्टर प्लान के काम संपन्न होने के बाद इसकी देखरेख के लिए पृथक से प्राधिकरण की स्थापना करने का निर्णय लिया है। केदारनाथ की तर्ज पर बदरीनाथ प्राधिकरण का गठन होगा, जो बदरीशपुरी के सौंदर्यीकरण की देखरेख करेगा। साथ ही जरुरत के हिसाब से यहां निर्माण कार्य करेगा।

### जिला अस्पताल में 15 दिनों से सीटी स्कैन मशीन खराब

उत्तरकाशी। जिला अस्पताल में विगत 15 दिनों से सीटी स्कैन मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण उसका संचालन बंद पड़ा है। इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीटी स्कैन जैसी मूलभूत सुविधा के लिए लोगों को देहरादून और ऋषिकेश की दौड़ लगानी पड़ रही है। जनपद में मात्र जिला अस्पताल में ही सीटी स्कैन की जांच की सुविधा उपलब्ध है लेकिन वहां पर भी गत 15 दिनों से सीटी स्कैन मशीन की ट्यूब खराब होने के कारण उसे अभी तक ठीक नहीं किया गया है। इससे अस्पताल में भर्ती मरीजों और जांच के लिए अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रदीप रावत का कहना है कि जिला अस्पताल में हर दिन मशीनें खराब हो रही है। कुछ दिन पूर्व एक्सरे की मशीन कई दिनों तक तकनीकी खराबी के कारण बंद रही थी। जनपद चारधाम यात्रा सहित आपदा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण और संवेदनशील है लेकिन उसके बावजूद यहां पर स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा प्रदेश सरकार की अनदेखी के कारण दम तोड़ रही है।

# बैंक की मदद से सरकारी योजनाओं का उठाएं लाभ

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर-29 घमंडपुर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वार्डवासियों को बैंक के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान महिलाओं को लक्ष्मी किट भी दी गई।

आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, पार्षद अमित नेगी, जिला सहकारी बैंक के उपमहा प्रबंधक कृष्ण कैंथोला, आशीष रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि लोगों के हितों को लेकर सरकार कई योजनाएं चला रही है। प्रत्येक परिवार को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। बाल विकास पर्यवेक्षक शिवाली ने महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। पार्षद अमित नेगी ने महापौर को क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट, विद्युत पोलल, नहर मरम्मत, सड़क सहित अन्य समस्याओं से अवगत करवाया। कहा कि जंगल से सटे इलाकों में जंगली जानवर आबादी में पहुंचकर काश्तारों की फसल बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे में जंगली जानवरों की आबादी में धमक रोकने के लिए योजना बनाई जानी चाहिए। इस मौके पर बाचस्पति गौनियाल, शोभा रावत, धीरेंद्र पटवाल, गजेंद्र सिंह, विवेक भारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजीव चंद्र ने किया।


कोटद्वार के घमंडपुर में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को लक्ष्मी किट देते महापौर शैलेंद्र सिंह रावत

# ग्रामीणों को बताए बेहतर खेती के तरीके

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः दुगड्डा ब्लॉक के अंतर्गत पुलिंडा गांव में सिद्धबाबा कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ग्रामीणों को बेहतर खेती के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि बेहतर मेहनत के बाद भी उनके उत्पादों को बाजार नहीं मिल पाता, जिस पर संगठन ने उन्हें उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। संगठन के सदस्यों ने महिलाओं से संवाद कर उन्हें खेती से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि ग्रामीणों को पलायन को रोकने के लिए खेती एक बेहतर माध्यम है। ग्रामीण झंगोरा, मंडुवा, दाल सहित अन्य मौसमी सब्जियों का उत्पाद कर अपनी आर्थिकी को मजबूत बना सकते हैं। वर्तमान में जंगली जानवरों सहित अन्य समस्याओं के कारण खेती एक चुनौती बनती जा रही है। इस चुनौती को दूर रहने के लिए एफपीओ ग्रामीणों की मदद करेगा। कहा कि काश्तकारों को संगठित होकर खेती पर ध्यान देना चाहिए। बाजार में जिस उत्पादन की अधिक मांग है, उस पर जोर दिया जाना चाहिए। कहा कि पीएफपीओ केवल उत्पाद बेचने का मंच ही नहीं है। बल्कि यह समय–समय पर काश्तकारों के खेती में भी सहयोग करता है।कार्यशाला में संगठन की सक्रिय सदस्य शकुंतला ने अपने अनुभवों को साझा किया। बताया कि सिद्धबाबा एफपीओ के प्रयासों से किसानों की आय और आजीविका में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि आज झंगोरे से बने बिस्किट जैसे नवाचार सफलतापूर्वक बाज़ार में उपलब्ध हैं। यह सब संगठन की ही एक महिला सदस्य की बेकरी यूनिट में तैयार किए जाते हैं। इस यूनिट को स्थापित करने से लेकर संचालन तक की पूरी प्रक्रिया में संस्था द्वारा मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया गया। जिससे सदस्य को आत्मनिर्भर बनने और उद्यमिता अपनाने का आत्मविश्वास मिला। कार्यशाला में संगठन के सदस्य कमल ने ग्रामीणों को बेहतर खेती के गुर सिखाए। कार्यशाला में विशेष रूप से गाँव में अचार, जूस, स्क्वैश जैसे उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त करने की डिमांड सामने आई। इसके लिए ग्रामीणों ने 20 इच्छुक लोगों की सूची तैयार कर एक सप्ताह के भीतर बेहतर तैयारी का आश्वासन दिया गया।


प्रखंड दुगड्डा के अंतर्गत ग्राम पुलिंडा में आयोजित कार्यशाला में भाग लेने वाले ग्रामीण

# रामबांस व रिंगाल से खुद अपना भविष्य गढ़ रहीं महिलाएं

कोटद्वार। उत्तराखंड बांस एवं रेशा प्रशिक्षण केंद्र पनियाली में चल रहे कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यशाला में क्षेत्र की 20 महिलाएं रामबांस व रिंगाल से अपने सुनहरे भविष्य के सपने बुन रही है। महिलाएं रामबांस और रिंगाल से सजावटी हस्तशिल्प उत्पाद तैयार करने का हुनर सीख रही हैं। उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद व उद्योग विभाग की ओर से व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना के तहत जारी प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं को 30 से अधिक सजावटी हस्तशिल्प उत्पाद बनाना सिखाया जा रहा है। प्रशिक्षण ले रही प्रमिला, रीना देवी, सरस्वती देवी, रीता देवी ने बताया कि उन्होंने पिछले 50 दिनों में रामबांस व रिंगाल से कई उत्पाद बनाने सीखे हैं। यह आसान काम है और घर के काम निपटाने के बाद खाली समय में इन उत्पादों को वह आसानी से तैयार कर सकती है। यदि कच्चा माल आसानी से उपलब्ध हो जाए तो वह अपना स्वयं का रोजगार कर अपने परिवार की आर्थिकी को मजबूत कर सकती है। प्रशिक्षण कार्यशाला में 17 महिलाएं और तीन पुरुष प्रतिभाग कर रहे हैं। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने गहन व बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त किया है और अब वह हस्तशिल्प उत्पादों को तैयार कर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सकते हैं। – पंकज गढ़वाली, मास्टर ट्रेनर।

प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थी स्वयं या समूह में कुटीर उद्योग से लेकर बड़े उद्योग तक स्थापित कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं को सशक्त बनाने वाला बजट पेश किया सरकार ने

बागेश्वर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना की है। महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि यह बजट महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लखपति दीदी योजना का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़ी महिला तक पहुंचेगा। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी महिलाओं को अधिक मिलेगा। बजट में बालिका शिक्षा को भी विशेष रूप से बढ़ावा दिया गया है। पार्टी कार्यालय में बजट को लेकर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष कमला चुफाल ने कहा कि यह बजट महिलाओं के उत्थान और उन्हें आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने वाला है।

### चम्पावत जिले में खुलेंगी शराब की चार नई दुकानें

चम्पावत। चम्पावत जिले के चार स्थानों पर जल्द ही आबकारी विभाग की ओर से शराब की चार नई दुकानें खोली जाएंगी। जिसके लिए विभाग की ओर से प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही नई दुकानों के लिए टेंडर प्रकिया की जाएगी। आबकारी विभाग की ओर से नए वितीय वर्ष के अप्रैल माह से जनपद के मंच, अमोड़ी. वालिक और पनार में चार नई दुकानें खोली जाएंगी। जिसके लिए विभाग की ओर से प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। पिछले साल भी विभाग की ओर से इन स्थानों पर नई दुकानों को खालने के लिए प्रक्रिया की गई थी। लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण एक भी आवेदन नही आया। जिस कारण नई दुकानों का संचालन नहीं हो सका। लेकिन इस साल फिर विभाग की ओर से प्रकिया शुरू कर दी है। वर्तमान समय में चम्पावत जिले में आबकारी विभाग की ओर से देशी और विदेशी को मिलाकर 15 दुकानें संचालित की जा रही है। इन दुकानों से प्रतिवर्ष सरकार को 55 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हो रहा है। राजस्व को बढ़ाने के लिए लगातार विभाग की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं।

### चम्पावत में हारमोनियम ठीक कर रहे हैं बिहार के बुजुर्ग शिवशंकर शर्मा

चम्पावत। जिला मुख्यालय में बिहार से आकर रोजगार कर रहे बुजुर्ग शिवशंकर की कलाकारी का हर कोई दिवाना बन रहा है। कहते हैं कि काम करने का हुनर और जज्बा हो तो उम्र मायने नहीं रखती। जिसकी मिशाल हैं बिहार के रहने वाले 69 वर्षीय बुजुर्ग शिव शंकर शर्मा जो बीते कई वर्षों से यहां रोजगार कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। शिव शंकर बताते हैं कि वह चम्पावत में बीते 20 वर्षों से लगातार हारमोनियम ठीक करने के लिए आते रहते हैं। बताते हैं कि वह चम्पावत के साथ–साथ उत्तराखंड के अन्य जिलों में भी यह काम कर रहे हैं। बिहार के रहने वाले बुजुर्ग शिव शंकर इस उम्र भी चम्पावत जैसे जिले में रोजगार कर अपने परिवार का लालन पालन कर युवाओं के लिए प्रेणा स्त्रोत बन रहें हैं। जिस उम्र में आज के दौरान में आदमी चलफिर तक नहीं सकता, उस उम्र बुजुर्ग शर्मा गजब की कलाकारी कर रहे हैं। हर तरह की पुरानी से पुरानी हारमोनिया ठीक करने के साथ साथ एक हारमोनियम वादक भी हैं।

### बजट नहीं मिलने पर भड़का रेल संघर्ष, केंद्र पर उपेक्षा का आरोप

बागेश्वर। टनकपुरझबागेश्वर रेल मार्ग संघर्ष समिति की यहां आयोजित बैठक में रेल परियोजना के लिए बजट स्वीकृत न होने पर नाराज़गी जताई गई। बैठक के बाद समिति से जुड़े लोगों ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि 22 वर्षों से जिले में आंदोलन की अलख जगी हुई है, लेकिन केंद्र सरकार बजट स्वीकृत करने के बजाय लोगों को केवल बरगलाने का काम कर रही है। इस तरह के रवैये को कतई सहन नहीं किया जाएगा। समिति से जुड़े लोग रविवार को तहसील परिसर पहुंचे, जहां नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया। इसके बाद आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि टनकपुर बागेश्वर रेल मार्ग के लिए वर्ष 2004 से जिले में आंदोलन चल रहा है।

### बर्ड वॉचिंग क्षेत्र में न जाएं पर्यटक और लोग

नैनीताल। नैनीताल वन प्रभाग के भवाली वन क्षेत्र में गुलदार के एक महिला को बीते दिनों निवाला बनाए जाने की घटना के बाद वन विभाग अलर्ट मोड पर है। प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल आकाश गंगवार के निर्देशन में सातताल क्षेत्र के बर्ड वॉचिंग क्षेत्र में हमलावर वन्यजीव को पकड़ने के लिए पिंजरे और ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने पर्यटकों से क्षेत्र में न आने की अपील की है।

# बेटियों को आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित



जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी: महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत विकासखंड थलीसैंण के राजकीय इंटर कॉलेज गंगाऊ में अफसर बिटिया कार्यक्रम एवं करियर परामर्श का आयोजन किया गया। इस दौरान बेटियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

उपजिलाधिकारी थलीसैंण कृष्णा त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपजिलाधिकारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने छात्राओं से उनके भविष्य के लक्ष्य पूछे और उन्हें प्रेरित करते हुए संघ लोक सेवा आयोग तथा प्रांतीय सिविल सेवा परीक्षाओं की प्रक्रिया भी सरल शब्दों में समझाई। कार्यक्रम के अंतर्गत 'मेरे सपनों की उड़ान' विषय पर जूनियर एवं सीनियर वर्ग की छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कुल 35 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी पूजा गुसाईं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत, उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने छात्राओं को बाल लैंगिक अपराध संरक्षण अधिनियम-2012 तथा साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी। वन विभाग से आए उप वन क्षेत्राधिकारी ने विभाग की कार्यप्रणाली और जिम्मेदारियों से छात्राओं को अवगत कराया। स्वास्थ्य विभाग की ममता जोशी ने चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्ध परीक्षाओं और करियर विकल्पों पर जानकारी देते हुए अपने अनुभव भी साझा किए। वहीं अधिवक्ता लक्ष्मी रावत ने लैंगिक अपराधों, स्वयं की सुरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा सहायता सेवाओं के बारे में बताया। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 181 और बाल हेल्पलाइन 1098 की जानकारी भी छात्राओं को दी। कार्यक्रम के अंत में चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### मेधावी छात्रों को मेडल और नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

देहरादून। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा–2025 के विजेताओं को सम्मानित किया गया। रेसकोर्स स्थित प्रकाशानंद आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में जनपद स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को ट्रॉफी, मेडल, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शांतिकुंज से आए सुधीर श्रीपाद और प्रदेश प्रभारी जय सिंह यादव ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित कर भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय के संरक्षण में होने वाली यह परीक्षा बच्चों में नैतिक मूल्यों और अपनी संस्कृति से जोड़ती है। संचालन राधाकृष्ण सेमवाल और पुरस्कार वितरण क्षेत्रीय संयोजक गंभीर सिंह फरस्वाण ने किया।

# कांग्रेस नेत्री के सिर में संचालक ने मारी करछी

देहरादून। चंद्रबनी चौक स्थित एक कैफे में पार्टी के जश्न के दौरान कांग्रेस नेत्री पर रेस्त्रां संचालक ने करछी से हमला किया था। घटना बीते चार फरवरी की रात है। मामले में पुलिस ने रविवार को तीन आरोपी पकड़े। उनसे पूछताछ में पता लगा कि विवाद की शुरुआत पार्किंग से कार निकालने को लेकर हुई थी। घटना चार फरवरी की रात की है। गांधीग्राम गुरुद्वारा रोड निवासी माही पुत्री हरीश जेटली कांग्रेस की युवा नेता हैं। वह अपने दोस्तों के साथ चंद्रबनी चौक के पास स्थित ब्रू कैफे में वीकेंड पार्टी मनाने गई थीं। उसी दौरान वहां ब्रह्मपुरी और चंद्रबनी क्षेत्र के कुछ युवक भी पार्टी कर रहे थे। पार्टी खत्म होने के बाद जब आरोपी पक्ष आयुष, पंकज, हिमांशु व अन्य कैफे की पार्किंग से अपनी गाड़ी निकाल रहे थे तभी उनकी गांधीग्राम निवासी सोहेल और तीन अन्य युवकों से बहस हो गई। देखते ही देखते कहासुनी हाथापाई में बदल गई। सड़क पर हंगामा बढ़ता देख कांग्रेस नेत्री माही के साथी गौतम और कैफे मालिक ने दोनों पक्षों को शांत कराने और बीच–बचाव करने का प्रयास किया। पुलिस जांच में सामने आया है कि इसी आपाधापी में कैफे मालिक के हाथ से गलती से एक करछी (खाना बनाने का उपकरण) पास खड़ी माही के सिर पर लग गई। सिर पर चोट लगने से वह लहुलूहान हो गई। जिसे केस दर्ज कराते वक्त चापड़ से हमला बताया गया। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि घटना के अगले दिन युवती के भाई ने पटेलनगर कोतवाली में केस दर्ज कराया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य तथ्यों पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए युवकों की पहचान पंकज रावत (18) निवासी चंद्रबनी चोयला, हिमांशु (19) निवासी ब्रह्मपुरी, पटेलनगर और सूरज राणा (19) निवासी चंद्रबनी चोयला के रूप में हुई है।

# सभी वर्गों का सम्मान करती है कांग्रेसः सजवाण



ऋषिकेश। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें कांग्रेस के विभिन्न मोर्चों के नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। रविवार को रेलवे रोड स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष पुष्पा मिश्रा, श्यामपुर ब्लॉक अध्यक्ष महिला शोभा भट्ट, नवनियुक्त ओबीसी प्रदेश महासचिव सिंहराज पोसवाल, ओबीसी जिलाध्यक्ष संजय भारद्वाज, ओबीसी महानगर अध्यक्ष ऋषिकेश चौधरी सुमित चौहान को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण ने कहा कि कांग्रेस में आम कार्यकर्ताओं को भी बड़ी जिम्मेदारी दी जाती है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष एडवोकेट राकेश सिंह ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी कांग्रेस पार्टी की रीति और नीति के साथ चलते हुए पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करें। वरिष्ठ नेता जयेंद्र रमोला ने कहा कि पिछले काफी समय से जनता की सेवा करने वालों को उचित सम्मान दिया गया है, जो सराहनीय है।

वरिष्ठ नेता राजपाल खरोला ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य और नारा ही कांग्रेस का हाथ आमजन के साथ रहा है और समूची कांग्रेस पार्टी किसी मूल मंत्र के साथ पूरे देश में काम करती है और आगे भी करती रहेगी ' इस मौके पर मदन मोहन शर्मा, महंत विजय सारस्वत, राकेश अग्रवाल, मनोज गोसाईं, भगवती सेमवाल, सोहनलाल रतूड़ी, सूरत सिंह कोहली, राजकुमार गुप्ता, हिमांशु कश्यप, कुलविंदर सिंह, अकबर, रामेश्वरी, संदीप राजभर, पुरंजय राजभर, सायरा, मनोज, उर्मिला, बिंदु, लीला, रेखा देवी, दुर्गा देवी आदि उपस्थित रहे '

# महापंचायत में उमड़ी भीड़, अंकिता हत्याकांड के आरोपी वीआईपी की गिरफ्तारी की उठाई मांग



देहरादून। अंकिता भंडारी प्रकरण पर उत्तराखंड में गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में आज कांग्रेस समेत 40 संगठनों ने देहरादून परेड ग्राउंड में महापंचायत का आयोजन किया है। अंकिता भंडारी प्रकरण को लेकर कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक संगठनों ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।रविवार को सुबह 10 बजे से राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन, आंदोलनकारी संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्रित होने शुरू हो गए थे। आंदोलनकारी मंच की संरक्षक कमला पंत ने बताया अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआइपी के नाम के खुलासे की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग है। इस दौरान सुरक्षा में किसी तरह की चूक न हो इसका ध्यान रखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई ।

अंकिता के माता–पिता भी पहुंचेः वक्ताओं ने अंकिता हत्याकांड के आरोपी वीआईपी की गिरफ्तारी की मांग को प्रमुखता से उठाया। बारी – बारी से विभिन्न संघठनों के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्तराखंड महिला मंच की पदाधिकारी निर्मला बिष्ट ने किया। पूर्व सीएम हरीश रावत और अंकिता के माता पिता भी शामिल हुए । वीआईपी को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन एक साथः कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि वर्तमान जांच केवल वीआईपी को बचाने के लिए की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इंडिया गठबंधन इस जांच को पूरी तरह खारिज करता है। रावत ने कहा कि जन भावनाओं के अनुरूप, उच्चतम न्यायालय की देखरेख में सीबीआई जांच होनी चाहिए। उनका आरोप है कि शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर की जा रही सीबीआई जांच पूरी तरह छलावा है। हरीश रावत ने आगे कहा कि इस केस में जिस शिकायतकर्ता की शिकायत को आधार बनाकर जांच की जा रही है,

# मई तक नई टिहरी की 18 किमी सड़कें होंगी चकाचक

नई टिहरी। नगर पालिका नई टिहरी नगर क्षेत्र के लोगों को जल्द ही चकाचक सड़क और सिटी बस सेवा की सौगात देने जा रही है। आगामी अप्रैल में नगर क्षेत्र की 18 किमी सड़कों पर हॉट मिक्स और डामरीकरण का कार्य किया जाना है जिसके लिए नगर पालिका ने अपने संसाधनों से करीब सात करोड़ रुपये की धनराशि जुटा ली है।

विधायक निधि से नगर पालिका को एक बस मिलने जा रही है जिसे पालिका सिटी बस के रूप में नई टिहरी–कोटीकालोनी–चंबा रूट पर संचालित करेगी। नगर पालिका बोर्ड गठन के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर नई टिहरी नगर क्षेत्र के लोगों को बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने जा रही है। नगर क्षेत्र की सड़कों की हालत लंबे समय से खराब है। मरम्मत के अभाव में जगह–जगह गड्ढे हैं जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि नगर पालिका की ओर से पैचवर्क और मरम्मत कार्य भी कराया गया लेकिन इससे स्थायी समाधान नहीं निकल पाया। सड़कों की स्थिति जस की तस बनी है।

नगर पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत का कहना है कि बोर्ड के पहले वर्ष में बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि सड़कों के हॉट मिक्स कार्य के लिए नगर पालिका ने अपने स्तर से धन की व्यवस्था कर ली है। कार्य के लिए लोनिवि को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। अप्रैल में कार्य शुरू किया जाएगा और मई में सड़कें पूरी तरह से चाक–चौबंद कर ली जाएगी। नगर क्षेत्र की वर्षों पुरानी ड्रेनेज समस्या के समाधान की दिशा में भी ठोस पहल की है। जल निकासी की व्यवस्था को सुधारने के लिए लगभग 12 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है जिसे शीघ्र ही शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। योजना के तहत नगर क्षेत्र के करीब 40 अलग–अलग स्थानों पर क्रॅास ड्रेनेज निर्माण का प्रस्ताव है जिससे बारिश के पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके। वर्तमान में नगर क्षेत्र के कई स्थानों पर नालियां क्षतिग्रस्त होने से चोक हो चुकी है। बारिश के दौरान नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर दुकानों और घरों में घुस जाता है।

सिटी बस सेवा जल्द होगी शुरूः पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने बताया कि विधायक किशोर उपाध्याय ने विधायक निधि से पालिका को एक बस के लिए धनराशि दी है। नगर क्षेत्र के लोगों को परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बस का संचालन सिटी बस सेवा के रूप में किया जाएगा। बस नई टिहरी, बौराड़ी, भागीरथीपुरम, कोटीकालोनी, चंबा और बादशाहीथौल के लिए संचालित की जाएगी।

### आठवें वेतन आयोग में पूर्व सैनिकों ने अपना–अपना प्रतिनिधित्व मांगा

देहरादून। पूर्व सैनिक संघर्ष समिति की बैठक में 8वें वेतन आयोग में पूर्व सैनिकों का एक प्रतिनिधि शामिल करने की मांग की गई है। बैठक में ओआरओपी–दो की विसंगतियों पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भविष्य में ऐसी दोहराव न हो। इसके लिए आयोग में उनका पक्ष सुना जाना अनिवार्य है। क्लेमेनटाउन स्थित वेल रोड पर रविवार को समिति के अध्यक्ष कैप्टन आलम सिंह भंडारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों ने स्थानीय नेताओं और अधिकारियों के व्यवहार पर गहरी नाराजगी जताई। अध्यक्ष ने कहा कि मंचों पर तो पूर्व सैनिकों के हित में बड़ी–बड़ी बातें की जाती हैं। हकीकत कुछ और है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे क्षेत्र की या पूर्व सैनिकों की समस्याएं लेकर किसी राजनेता या अधिकारी के पास जाते हैं तो समाधान मिलने के बजाय उन्हें ही डांट पिलाई जाती है और वे बिखर पड़ते हैं। यह उदासीन रवैया चिंताजनक है। सूबेदार मेजर जयपाल सिंह रावत ने ईसीएचएस और पैनल वाले अस्पतालों में पूर्व सैनिकों को हो रही परेशानियों पर भी चिंता व्यक्त की। इस मौके पर कोषाध्यक्ष कैप्टन विजय सिंह रावत ने आय–व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया।

# संस्कृति सुरक्षित रहेगी तभी देश का भविष्य सुरक्षित रहेगाः डॉ. कश्यप

हल्द्वानी( । संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत रविवार को बिठौरिया में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता पंतनगर विश्वविद्यालय के डॉ. शिवेंद्र कश्यप ने कहा कि संस्कृति सुरक्षित रहेगी तभी देश का भविष्य सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि विश्व के संरक्षण के लिए हिंदुओं का संगठन और हिन्दू जागृति अनिवार्य है। डॉ. कश्यप ने कहा कि हिंदू जगेगा तो विश्व जगेगा, मानव का विश्वास जगेगा। उन्होंने बताया कि 1925 में डॉ. हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। उन्होंने अपने देश के इतिहास और अपने अतीत को देखा।

देश की कथा और व्यथा का भाव उनके मन में जागृत हो गया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एकमात्र लक्ष्य और विचार हिन्दुओं का संगठन और हिन्दू जागृति था। डॉ. कश्यप ने बताया कि हिंदू कोई पूजा पद्धति नहीं है। विश्व की संस्कृति के संरक्षण के लिए हिंदुत्व का बचे रहना जरूरी है। इस विचार को लेकर जीने वाला न कोई अन्य धर्म है न संस्कृति। प्रो. कश्यप ने बताया कि जब संस्कृति सुरक्षित रहेगी तभी इस देश का भविष्य सुरक्षित रहेगा। डॉ. हेडगेवार समाज के बीच में जाकर इसी हिंदू जागृति के काम में लगे रहे। इसका परिणाम यह है कि अनेकों कष्ट सहने के बावजूद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक कभी पीछे नहीं हटे। लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज की डॉ. चन्द्रावती जोशी ने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का भाव और नागरिक कर्तव्य आदि पंच परिवर्तन के बारे में बताया। इस मौके पर विवेक वाबरा की सांस्कृतिक टीम ने शिव पार्वती नृत्य, गंगा मैय्या की आरती, काली माता की स्तुति, फूलों की होली व देश भक्ति गीतों की सुन्दर प्रस्तुति दी। संचालन संयोजक मनोज पाठक ने किया।

### जेपी यादव समेत कई लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

देहरादून। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में रविवार को कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान जेपी यादव ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामा। पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. गोगी ने कहा कि जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से परेशान हो चुकी है और अब उम्मीद से कांग्रेस की ओर देख रही है। उन्होंने नवनियुक्त सदस्यों से जनता की आवाज बनने की अपील की।

# धार्मिक आयोजनों पर शुल्क लगाने से संत नाराज




ऋषिकेश। संत समिति ने नगर निगम ऋषिकेश द्वारा भंडारे और धार्मिक आयोजनों पर लगाए जा रहे शुल्क और मंदिर परिसर में हो रहे अतिक्रमण को लेकर आपत्ति जताई है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से धार्मिक सेवा कार्यों से शुल्क वापस लेने और सरकार से धार्मिक स्थल का स्वरूप बनाए रखने की मांग की। रविवार को गंगानगर स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर में संत समिति की बैठक हुई। समिति अध्यक्ष महंत विनय सारस्वत ने मंदिर परिसर में हो रहे अतिक्रमण को लेकर कड़ा विरोध जताया। कहा कि इस संबंध में पूर्व में एसडीएम एवं नगर आयुक्त को लिखित ज्ञापन दिए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि ऋषिकेश से अनेकों आश्रम–धर्मशालाओं को भू–माफिया द्वारा बेचने के साथ ही उनके धार्मिक स्वरूप को बदला जा रहा है। संत समाज ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो वरिष्ठ अधिकारियों के साथ–साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर समाधान की मांग की जाएगी। कहा कि ऋषिकेश क्षेत्र में संत समिति किसी भी धार्मिक स्थल का स्वरूप नहीं बदलने देगी।

### रेस्टोरेंट खाली कराने के विवाद में कोर्ट के आदेश पर केस

देहरादून। रेस्टोरेंट खाली कराने के विवाद में मकान मालकिन और उसके भाई के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर रायपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों पर महिला के पति का डंडा मारकर हाथ तोड़ने, बेटे को पीटने, जान से मारने की धमकी देने और रेस्टोरेंट का सामान खुर्द–बुर्द करने का आरोप है। आमवाला निवासी पूजा रस्तोगी ने न्यायालय में वाद दायर किया था। तहरीर के मुताबिक उन्होंने श्वेता शर्मा से सहस्त्रधारा रोड पर दुकान किराये पर लेकर डेजा ब्रू नाम से रेस्टोरेंट खोला था। इसमें निर्माण और साजो–सज्जा पर लाखों रुपये खर्च किए। आरोप है कि श्वेता के भाई नितिन पाल ने अज्ञात साथियों के साथ आकर दुकान खाली करने का दबाव बनाया।

# स्थापना दिवस पर 2 नागा रेजिमंट की शौर्य गाथा दोहराई

देहरादून। दो नागा रेजिमेंट के स्थापना दिवस पर रविवार को गोर्खाली सुधार सभा में पलटन की शौर्य गाथा दोहराई गई। इस मौके पर वीर नारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में पूर्व सैनिक और उनके परिवारों ने सांस्कृतिक और अन्य गीतों पर प्रस्तुति दी। पूर्व सैनिकों ने समापन पर साथ में सामूहिक भोज का आनंद लिया। गढ़ी कैंट स्थित गोरखाली सभा सुधार केंद्र में समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर दिनेश कुमार बडोला (से.नि.) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। जिसने वहां मौजूद सभी पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर बताया कि 2 नागा रेजिमेंट का इतिहास वीरता और बलिदान की कहानियों से भरा हुआ है। रेजिमेंट को बैटल ऑनर कारगिल और थिएटर ऑनर ऑपरेशन विजय जैसे सम्मानों से नवाजा जा चुका है। इसके अलावा रेजिमेंट को केरण सेक्टर (जम्मू कश्मीर) और कारगिल युद्ध में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दो बार सीएओएस यूनिट साइटेशन मिला है।

# संघ शताब्दी वर्ष पर हिंदू सम्मेलन आयोजित

नैनीताल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को गरमपानी मंडल के गरमपानी खंड और रातीघाट में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। दोनों जगह कलश यात्राएं निकालीं गईं। इस दौरान वक्ताओं ने सामाजिक एकता, संगठन की शक्ति और राष्ट्रहित में सक्रिय सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। गरमपानी का सम्मेलन श्री कैंची धाम तहसील परिसर में जिला बौद्धिक प्रमुख मनोहर के निर्देशन में हुआ।

इससे पूर्व सोमवारी महाराज मंदिर खैरना से महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, जो तहसील परिसर पहुंची। महिला सभागार में दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय की छात्राओं ने वंदना एवं देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता वैदिक प्रचारक संस्थान हरिद्वार की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रगति जैन, प्रांत विद्यार्थी प्रमुख शील निधि और दुर्गादत्त त्रिपाठी शास्त्री रहे। अंत में क्षेत्र के लोहार, सेवानिवृत्त सैनिकों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं व महिलाओं को सम्मानित किया गया। यहां मदन मोहन कैड़ा, प्रदेश गो सेवा प्रमुख दीप रेखाड़ी, प्राचार्य विनोद, कार्यक्रम संयोजक दीपक पांडेय, विधायक सरिता आर्या, हेम आर्या रहे। इधर, रातीघाट स्थित शहीद संजय सिंह बिष्ट जीआईसी में जिला सह खंड कार्यवाह दिनेश रावत की देखरेख में सम्मेलन हुआ।

# विकसित भारत की नींव रखता है केंद्रीय बजटः अजय भट्ट



रुद्रपुर। भाजपा जिला कार्यालय रुद्रपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद अजय भट्ट ने केंद्रीय बजट को देश के कायाकल्प की दिशा में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, ह्यविकसित भारतह्न के संकल्प को साकार करने वाला दूरगामी विजन है, जिसमें किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग केंद्र में हैं। भट्ट ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि भारत आज खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों पर है। 35 करोड़ टन से अधिक का रिकॉर्ड उत्पादन और चावल के क्षेत्र में विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक बनना कृषि नीतियों की सफलता का प्रमाण है। दूध और मछली उत्पादन में भी भारत अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है। उन्होंने बताया कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता देश है। चालू वित्तीय वर्ष के पहले पांच महीनों में ही एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के स्मार्टफोन निर्यात ने ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न की मजबूती को दर्शाया है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण के लिए 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है, जिससे परिवहन सुविधाओं के साथ–साथ रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। मुद्रा योजना के तहत 38 लाख करोड़ रुपये का ऋण छोटे उद्यमियों को दिया गया, जिससे 12 करोड़ से अधिक लोगों को स्वरोजगार मिला। कहा पूर्वोत्तर के विकास के लिए 11,639 करोड़ रुपये का विशेष बजट स्वीकृत किया गया है। वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार और चिनाब ब्रिज जैसे प्रोजेक्ट देश की बदलती तस्वीर को दर्शाते हैं। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग, दर्जाधारी उत्तम दत्ता, पूर्व मेयर रामपाल, नेत्रपाल मौर्या, अनुभव चौधरी, रश्मि रस्तोगी, विजय पाल सिंह तोमर, मोर सिंह, सुरेंद्र चौधरी, अक्षय गहलोत, योगेश वर्मा, परवेज खान और मुकेश पाल सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.8889 (UTTHIN/2005/16338)